Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 20-12-2021 | अंक 90

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

चौपारण प्रखंड़ अंतर्गत सिंघरावां निवासी किरण देवी 22 वर्ष पति विनीत पांडेय सिंघरावां से कोडरमा जाने के क्रम में ज्वाहर घाट के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घायल हो गई। जानकारी मिलने पर आस पास के लोगो ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।



घायल महिला

## पंचायत स्तर पर हो खुले आधार पंजीकरण केंद्र : अकेला

### विधायक ने किया अपने ही सरकार से पंचायत स्तर पर आधार पंजीकरण केंद्र खोलने की मांग

**अपेम लाइव : बरही**



विधायक अकेला यादव

बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने राज्य सचिव को आवेदन देते हुए कहा कि पूर्व में झारखण्ड सरकार द्वारा आधार कार्ड बनाने का निबंधन प्रत्येक पंचायत के प्रज्ञा केंद्र को दिया गया था। जिससे आम लोग आसानी से आधार कार्ड बनवा एवं किसी भी प्रकार का सुधार कर सकते थे। लेकिन पिछली सरकार सभी केंद्रों को बंद करवाकर केवल प्रखंड स्तर पर एक आधार कार्ड संचालित करवाने का निर्देश दिया। यानी एक लाख से ऊपर की आबादी पर सिर्फ एक आधार केंद्र जिससे आम लोगो को आधार कार्ड बनवाने या उसमे किसी भी प्रकार का सुधार करने में लोगो को बड़ी परेशानी होती है। ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने में कई दिनों तक प्रज्ञा केंद्र का चक्कर लगाना पड़ता है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया कि प्रत्येक पंचायत में पूर्व की भाँति प्रज्ञा केंद्र खोला जाए।जिससे ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने एवं सुधार करने में आसानी होगा।

## जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण




कम्बल वितरन करते जिप प्रतिनिधि मो0 क्युम

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत में बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने 150 गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया। जिससे ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी दिखी। मौके पर विजैया प्रधान दशरथ यादव, उपमुखिया सहदेव शर्मा, पंचायत समिति सदस्य कांति देवी, समाजसेवी देवलाल कुशवाहा, समाजसे`वी रघु मोदी, पप्पू खान, सारो देवी, बबीता देवी, उमेश दास, मो इद्रीश, मो मुख्तार अंसारी, संजय यादव, हलीमा खातुन एवं गांव के अन्य लोग मौजूद थे।

## डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया अलाव का व्यवस्था

**अपेम लाइव : बरही**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बढ़ते ठंढ को देखते हुए। अनुमंडलीय अस्पताल में काम कर रहे गेट कीपर एवं अन्य कर्मचारियों के लिए अलाव का व्यवस्था किया।



## पंचमाधव पंचायत भवन में प्रधान हरेंद्र गोप ने 150 कंबल किया वितरण



कंबल वितरन करते प्रधान हरेन्द्र गोप

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड़ अंतर्गत पंचमाधव पंचायत भवन में प्रधान हरेंद्र गोप ने गरीब एवं असहाय लोगो के बीच कंबल वितरण किया। लाभुकों में रूपलाल रविदास, डोमन माहतो, सारो देवी, उर्मिला देवी, तालो रजक, कांति देवी, लक्ष्मण रजक, विसम्बर मिस्त्री, गुलबी देवी, प्रतिमा देवी, मोसोमात बुधनी, मोसोमात जितनी, मोसोमात कांति, बालकी माहतो, बिष्णु माहतो एवं अन्य शामिल है। मौके पर पंचायत सचिव नेमधारी माहतो एवं पंचायत के कई समाजसेवी शामिल थे।

## युवा साथी दल ने किया वनभोज का आयोजन, नए वर्ष के कार्ययोजना को लेकर बनी रणनीति



वनभोज का आनन्द लेते युवा साथि दल

**अपेम लाइव : बरही**

बरही : सक्रिय सामाजिक संगठन युवा साथी दल ने बरही जवाहर घाट में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजन का नेतृत्व दल के अध्यक्ष विकास सिंह ने किया। वनभोज में नए वर्ष की कार्ययोजना एवं तैयारियों पर भी चर्चा की गयी। ज्ञात हो की संस्था के द्वारा लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। वनभोज कार्यक्रम में संगठन के अध्यक्ष विकास सिंह, उपाध्यक्ष सहाबुद्दीन अंसारी, सचिव सरफराज अहमद, उपसचिव दीपेश कुमार, कोषाध्यक्ष शारूफ आलम, युवा नेता संजय मेहता, फिल्म डायरेक्टर नि. रंजन भारती मोहमद नसीम, मंसूर, मोसिन, सरफराज खान, गुलाम, मनान, इम्तियाज, दाऊद, असफाक, मुस्लिम, रियाज, परवेज, शहजाद, सुनील, सुजीत, रोहित, विनय आदि मौजूद थे ।


## सूचना

पूरे झारखंड में कल 21 दिसम्बर को पेट्रोल पंप बंद रहेंगे। जिनको पेट्रोल– डीजल वाहन में डलवाना हो तो आज ही भरवा लें क्योंकि कल सभी पेट्रोल पंप बंद रहेंगे।।









डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

# आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सूरजपुरा में लगा शिविर

## विभिन्न विभाग के स्टॉल से लाभुक हुए लाभान्वित

**अपेम लाइव : पदमा**

पदमा प्रखंड अंतर्गत सूरजपुरा पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ मनीष कुमार, सीओ मो मोजिउद्दीन अंसारी, जीप सदस्य बसंत मेहता, मुखिया गीता देवी, बीपीओ सुमन कुमार, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष उदय मेहता, समाजसेवी यमुना मेहता उर्फ कमांडो, समाजसेवी हरिहर मेहता ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।यह कार्यक्रम झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें जनता का समस्या का समाधान किया गया। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण–पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15 वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल–खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो–विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई। इस शिविर में पंचायत सचिव मो मजहर अंसारी, रोजगार सेवक सौरव राज मेहता, आंगनबाड़ी सेविका माया कुमारी, कविता कुमारी, वार्ड सदस्य सुरेंद्र सुमन मेहता, तुलो माहतो, अशोक भुइयाँ, सहिया काजल मेहता, रेखा देवी, निर्मला देवी, जेएसएलपीएस से ममता देवी, दामोदर महिला मंडल से सुरेंद्र कुमार, धनेश्वर मेहता, नीलम देवी, सुषमा सिंह, आशा देवी एवं पंचायत के अन्य ग्रामीण शामिल थे।




कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---21.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---पौष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---द्वितीया तिथि दिन 12:26 तक उपरांत तृतीया तिथि
दिन :---मंगलवार
नक्षत्र :---पुनर्वसु नक्षत्र
योग :---ब्रह्म
करण :---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मिथुन राशि में दिन 02:25 मिनट तक उपरांत कर्क राशि में
आज का राहूकाल दिन :---03:00 बजे से दिन :---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज हनुमान चालीसा का सात पाठ करने से बिगड़े काम बनेंगे।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660







APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज


बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## जंगली हाथियों ने ली एक ही परिवार के तीन लोगों की जान, एक गंभीर

**अपेम लाइव : केरेडारी**
**सुनील कुमार**



बरही/केरेडारी थाना क्षेत्र स्थित कंडाबेर के इतिज गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने एक ही परिवार के चार लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। जंगली हाथियों ने सोमवार की अहले सुबह मां, बेटे और बेटी की जान ले ली। वहीं पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी घटनास्थल पर पहुंचे। मृतकों में रोहिणी देवी (40 वर्ष), उसका पुत्र मुकेश कुमार (12 वर्ष) और पुत्री सुंदरी कुमारी (10 वर्ष) शामिल हैं। वहीं रामबृक्ष राम सिंह (45 वर्ष) गंभीर रूप से घायल है। उन्हें घायल अवस्था में एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। इस हादसे के बाद से गांव में दहशत है और ग्रामीण घरों में दुबके हुए हैं।हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग के डीएफओ रविन्द्र नाथ मिश्रा ने बड़कागांव वनक्षेत्र पदा. धिकारी छोटे लाल साह को घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों से बात कर तत्काल सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा राशि देने का लिए निर्देश दिया है।




## मछली चोरी की घटना में दो सप्ताह बाद भी नहीं हुआ मामला दर्ज,

### पुत्रियों की शादी के लिए दिन रात मेहनत कर किया था मछली पालन – मो. जिबरैल

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**


मछली चोरी हुई केज को दिखाता मो. जिबरैल

झारखंड सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने व उनकी प्रगति के लिये सरकारी केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन करने को लेकर कई सु. विधाएं दी है। लेकिन सरकार के ही तंत्र उनको सुरक्षा देने में नाकाम साबित हो रही है। कुछ इसी तरह का मामला चंदवारा थाना क्षेत्र के ग्राम खाण्डी के ताराटाँड़ निवासी मो. जीबरैल के साथ घटित हुई है। उन्होंने गांव के कुछ युवकों के साथ मिलकर चंदा खांडी मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड का गठन किया और मछली पालन के लिए मत्स्य विभाग से अनुदान पर तीन लाख रुपये के लागत का केज तिलैया जलाशय में लगा कर दिन रात मेहनत करने लगा। लेकिन उनकी मेहनत पर गांव के तीन युवाओं ने पानी फेर दिया। केज में पल रहे लगभग साढ़े चार लाख रूपये के तीन टन मछली चोरी कर लिया। इस संबंध में मो. जिबरैल ने सात दिसम्बर को चंदवारा थाना में आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग किया। लेकिन लगभग दो सप्ताह के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से जिब्राइल काफी मायूस है। उन्होंने बताया कि उनकी दो पुत्रियों की शादी के लिए मत्स्य पालन कर रहा था। लेकिन चोरों ने उनकी मंशा पर पानी फेर दिया। उन्होंने चंदवारा थाना में दिए आवेदन में कहा है कि दिनांक 06.12.2021 को मछली का दाना खिला कर अपने घर में चले गये। जब दिनांक 07.12.2021 की सुबह केज के पास गया तो देखा कि मछली पालन के उपर लगे जाल को काट कर दो खंद से मछली गायब कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि दो खंद में लगभग साढ़े चार लाख रुपये के 3 टन मछली चोरी कर ली गई है। उन्होंने कहा है कि केज पर लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरा को चक किया तो उनके गाँव के मंजुर आलम, पिता- सकुर मियां, युसूफ अंसारी व इतयाज अंसारी दोनों के पिता-अजीम मियां, तीनों ग्राम-खाण्डी, टोला-ताराटांड, थाना- चन्दवारा, जिला- कोडरमा ने मिलकर उक्त स्थान से चोरी कर कहीं दूसरे जगह ले जाकर बेच दिया गया है। उन्होंने कहा है कि इसके पूर्व भी उक्त तीनों के द्वारा मछली चोरी किया गया था। उसके बाद उक्त स्थान पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाया था। इधर मामले को लेकर थाना प्रभारी दुष्यंत सिंह ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर थाने में आवेदन दिया गया है। जिस पर जांच चल रहा है।

## जयगुरुदेव नाम मुसीबत में मददगार है : मनीष लिंडा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



जय गुरुदेव धर्म विकास संस्था उज्जैन के पूरे संत बाबा उमाकांत जी महाराज के दिशा निर्देश पर पूरे देश में शाकाहारी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जयगुरुदेव जिला आश्रम हजारीबाग के सभी प्रेमियों द्वारा लगातार गांव-गांव में जाकर यह सम्मेलन और कंबल का वितरण किया जा रहा है। इन्होंने आज दिनांक 20 दिसंबर को सुदूरवर्ती क्षेत्र मेराल में शाकाहारी सम्मेलन के दौरान शाकाहारी एवं बुद्धिजीवों को गुलाबी पगड़ी देकर किया सम्मानित । और ठंड के बढ़ते असर को देखते हुए मेराल के रहने वाले लाचार एवं जरूरतमंद लोगों को बाबा जयगुरुदेव धर्म विकास संस्था के तरफ से कंबल का भी किया गया वितरण। साथ ही इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को जिला जिम्मेवार श्री मनीष कुमार लिंडा ने बाबा उमाकांत जी महाराज के विशेषता को बताते हुए कहा कि यह वही बाबा हैं जो जीते जी प्रभु प्राप्ति का रास्ता बता रहे हैं। इनके दर्शन मात्र से दुःख तकल. ीफों में आराम मिलने लगता है। इनकी ओर से अनेकों प्रांतों में निःशुल्क एंबुलेंस भी चलाया जा रहा है। इन्होंने सभी से आग्रह भी किया कि आप सभी लोग शाकाहारी हो जाएं, शराब के सेवन को छोड़ दें क्योंकि शराब पीने से बुद्धि खराब हो जाती है और नशे की हालत में कई प्रकार के गलत काम हो जाते हैं, मां बहनों की पहचान खत्म हो जाती है। मौके पर एक्यूप्रेसर चिकित्सक ऋषिकेश राज, डॉ भोलानाथ दांगी, फागू उरांव, अमरेश कच्छप, विजय सोनी, बागा मुंडा, एतवा मुंडा, मानकी गोप, लिटा मुंडा, दयाल मुंडा, जादो हस्सा, मोती महतो, सुमित सोनी, सुगना मुंडा, सिनी लुद्दम, सीनी देवी, चांद, हेरेन, गोमा देवी एवं कई अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

APEM
LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गों एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**




बैठक मे शामिल लोग

बरकट्ठाः प्रखंड एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।बताते चलें कि प्रखंड मुख्यालय में रविवार को एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई बरकट्ठा के पारा शिक्षक, शिक्षिकाओं ने प्रदेश कमेटी के निर्देश पर प्रखंड स्तरीय बैठक की।संचालन कर रहे सुभान अली ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 20 दिसंबर को हम लोगों की नियमावली कैबिनेट में पास हो जाती है। तो हम लोग सरकार का जयकारा करेंगे। अन्यथा पूर्व के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पारा शिक्षक अपना अगला कदम बढ़ाते हुए तय रणनीति पर कार्य करेगी।बैठक में मुख्य रूप से राजेश ठाकुर ,सरजू महतो, हरिलाल महतो, नंदलाल महतो, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बालेश्वर सिंह, गौतम सिंह, दुलारचंद साव , मधु लाल यादव, सुभान अली, लाल मणि प्रसाद ,राजन चौधरी, विजय कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**बिक्रम सिंह**




कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथि

चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत पंचायत मस्केडीह पंचायत भवन परिसर में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचल अधिक. ारी शशिकांत सिंकर एपवा अध्यक्ष सविता सिंह जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. इनुद्दीन पंचायत प्रधान अजरुदीन ने संयुक्त रूप से भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर शुभारंभ किया। जिसके बाद चलकुशा प्रखंड बीडीओ सीओ ने जरुरत मन्द लोगों के बीच कंबल वितरण किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास, विधवा पेंशन ,वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, एवं अन्य विभाग से संबंधित लगभग 800 आवेदन प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में तफज्जुल अंसारी एवं ग्रामीणों ने संयुक्त रुप से एक लिखित आवेदन चल. कुशा प्रखंड विकास पदा. धिकारी को दिया जिसमें लिखा है कि मसकेडीह में बने पुराना पंचायत भवन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। मौके पर बीपीओ असीम टोप्पो, कृषि पदा. धिकारी शैलेश रंजन, अंचल निरीक्षक सत्येंद्र दास, राजस्व कर्मचारी अकील अहमद, एटीएम से राजेश कुमार, गणेश प्रजापति, पूरन पासवान, रूपेश कुमार, अंशु कुमार, कैलाश प्रजापति, महेश कुमार ,अफजल अली, शमशाद अली, बहादुर यादव, नईम अंसारी, लाल बहादुर पांडेय, प्रदीप राणा, दाऊद अली, विक्रमादित्य सिंह ,तस्लीम अंसारी, निसार अंसारी, विक्रम सिंह, अजय सिंह, असगर अली, मोहसिन कमाल, सलीम अंसारी एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वन विभाग के उदासीन रवैये के बाद ग्रामीणों ने जंगल बचाने का लिया संकल्प

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



जंगल बचाओ अभियान मे शामिल लोग

बरकट्ठाः प्रखंड के कोनहरा कला,कुमरडीहा जंगल में लोग धडल्ले से जंगल कि कटाई कर रहे हैं। साथ ही कुछ लोगों के द्वारा वन भूमि पर अतिक्रमण करते हुए फसल लगा दिया गया है। इसकी सूचना कई बार वन विभाग के अधिकारियों को दिया गया है। परंतु अबतक उचित कानूनी कार. 'वाई नहीं करने के कारण जंगल काटने और अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार को कुछ ग्रामीण समाजसेवी लोगों ने जंगल बचाव अभियान चलाया और जंगल काट रहे लोगों को खदेड़ा साथ ही पर्यावरण के विषय में जानकारी देते हुए जंगल नहीं काटने की सलाह दी।वहीं वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बाबजूद मौके पर कोई नहीं पहुंचे। पंसस प्रतिनिधि छोटी रविदास ने वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण को लेकर नराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार समेत कई संगठन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रही है। फिर भी लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं। जंगल बचाव अभियान में समाजसेवी रहमत अंसारी, जीवन यादव, मनी यादव, जहीर अंसारी, राजेन्द्र यादव, गणेश राणा, राजू यादव समेत अन्य लोग शामिल थे।

## लोथरवा में कार्यकर्ताओ का मिलन समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : चुरचु**
**अरविन्द टुडु**




मिलन समारोह मे शामिल लोग

चुरचू प्रखंड के जरबा पंचायत के लोथरवा में कार्यकर्ताओं का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्यातिथि जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति थे कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश सोरेन ,कृ ष्णा मांझी व संचालन रविंद्र महतो ने किया। मौके पर जनप्रतिनिधि व समा. जसेवियों ने बारहगाव सहित चुरचू प्रखंड के चहुमुखी विकास के लिए संकल्प लिये। जीप सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि बारह गांव सहित चुरचू प्रखंड के चहुमुखी विकास के लिए सबकी सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने अभी कार्यकर्त्ताओ को अगामी नव वर्ष 2022 की हार्दिक शुभक. ामनाएं दी। इस अवसर पर भावी जिला परिषद पद के उम्मीदवार आनन्द सोरेन ,जरबा मुखिया लक्ष्मी देवी ,इंद्रा मुखिया दशरथ महतो ,चरही मुखिया महादेव सोरेन ,जरबा पूर्व मुखिया रामदुलार साव ,समाजसेवी रमेश सोरेन, कृष्णा मांझी ,झारखंड आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा ,अशोक महतो,राजू महतो ,सुरेश महतो ,नारायण राम ,अरुण महतो,अर्जुन सिंह,बालकुमार महतो ,झारखंड आंदोलनक. ारी दशरथ महतो,कामाख्या भगत ,मदन किस्कू, किशुन महतो,दिलीप टुडू ,प्रकाश टुडू ,बिशून मुर्मू,शिवा हेम्ब्रोम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सहायक कमांडेट ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के बीच किया पठन पाठन सामग्री का वितरण

**अपेम लाइव : चुरचु**
**अरविन्द टुडु**




सीआरपीएफ 22 बटालियन ई कंपनी के सहायक कमांडेड मनोज कुमार सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सुदूरवर्ती इलाके अंगो पंचायत के हरली गांव में नन्हे-मुंहे बच्चों के साथ जन्मदिन मनाने का काम किया। श्री सिंह ने कहा की जन्मदिन में बच्चों के बीच जाकर खुशियां बांटना एक अगल आनंद व मजा मिलता है। उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर चॉकलेट कॉपी कलम व रबड़ का वितरण किया गया। जिससे बच्चे पढ़ लिख सकें। किस प्रकार का कार्यक्रम श्री सिंह के द्वारा पहले भी चुरचू पंचायत के सुदूरवर्ती तसनालो व बालीडीह गांव में बीते वर्ष नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक कमांडेंट मनोज कुमार सिंह इंस्पेक्टर सौदागर राम ईएसआई प्रकट सिंह विकास कुमार अनिल कुमार जेपी कुमार अविनाश कुमार प्रदीप कुमार सुरेश कुमार हरभजन सिंह इस कार्यक्रम में शामिल थे।

## श्राद्ध कर्म में सम्मिलित हुये पूर्व विधायक



श्राद्ध कार्यक्रम मे शामिल पुर्व विधायक व अन्य

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत झुरझुरी निवासी रा. जकुमार चौधरी की माताजी एवं जतघघरा निवासी बा. सुदेव यादव की माताजी के श्राद्धकर्म में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना कर मृत आत्मा को शांति की कामना किये। ।मौके पर गणमान्य समा. जसेवी, जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सिविल सर्जन ने तीन नर्सिंग होम को दिया बंद करने का आदेश

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**

अवैध तरीके से शहर में चल रहे तीन निजी नर्सिंग होम को अगले आदेश तक सिविल सर्जन शिव प्रसाद मिश्रा ने बंद करने का आदेश दिया है. जिन नर्सिंग होम को बंद करने का दिया गया है उनमें चौताडीह स्थित जनता नर्सिंग होम, पचंबा के बोरो के समीप संचालित कल्याण नर्सिंग होम और शहर के बैक्सीडीह के समीप जेसी ह०स्पिटल शामिल है। जानकारी के अनुसार कल्याण नर्सिंग होम के संचालक डॉ०. कमरूदीन है. जबकि जनता और जेसी ह०स्पिटल बगैर किसी डॉक्टर और पारामेडिकल कर्मी के ही के ही संचालित किया जा रहा था । बीते 11 दिसंबर को जांच की गयी थी. जांच टीम में सदर अस्पताल के डॉक्टर कमलेश्वर प्रसाद, डॉक्टर आरपी दास समेत कई डॉक्टर शामिल थे. टीम के डॉक्टरों ने ही जांच कर सिविल सर्जन को रविवार की देर शाम रिपोर्ट दिया था. जिसके बाद यह फैसला लिया गया. बताया जा रहा है कि नर्सिंग होम को बिना लाइसेंस के संचालित किया जा रहा था ।

## बीडीओ सह सीओ के प्रयास से वैक्सिनेशन को उमड़ने लगी है भीड़

### रविवार की छुट्टी में भी बीडीओ वैक्सिनेशन लेने को लेकर लगातार चला रहे हैं अभियान

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



प्रखंड में लोगों को शत प्रतिशत वैक्सीन दिलाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिक. ारी अंचल अधिकारी हुलास महतो का प्रयास रंग लाने लगा है। बी डि ओ श्री महतो लगातार लोगों को शत–प्रतिशत वैक्सीन पड़े इसे लेकर प्रखंड के सभी विभाग के कर्मियों के साथ लगातार बैठकर व प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी एवं क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास सफल होते नजर आ रहा है। जिससे वैक्सीन लेने वालो में एक नई जागरूकता आई है जिसका जीता जागता उदाहरण सोमवार को पेश होते नजर आया अभी तक जितने दिन भी वैक्सीन पड़ा है उनमें सोमवार को सबसे ज्यादा लोगो को वैक्सीन पड़ा।बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि सोमवार को प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों के छः केंद्रों पर लगभग सात सौ से भी ज्यादा ग्रामीणों को वैक्सीन का टीका लगाया।उसमें कुछ को पहला और कुछ को दूसरा डोज का टीका लगा है। बताते चलें कि यह बी डी ओ सह सी ओ हुलास महतो का ही प्रयास है जिन्होंने रविवार को छुट्टी के दिन भी वे आराम न कर के लगातार क्षेत्र में लोगो के साथ घूम घूम कर वै. क्सीन के लिए लोगो को जागरूक किया और परिणामतः सोमवार को साथ सौ लोगो को वैक्सीन लगा।उन्होंने प्रखण्ड के ला. `गो से कहा है कि अभी भी बहुत लोग वैक्सीन नहीं लगवाए हैं लोग वैक्सीन लगाकर कोरोना बीमारी को हराने में मदद करें।ताकि शत प्रतिशत प्रखण्ड के लोगो को वैक्सीन मिल सके। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद थे।


## बढ़ती ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था की गई

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव मुख्य चौक पर अलाव की व्यवस्था

इन दिनों प्रखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिसके कारण चौक चौराहे पर आवागमन कर रहे राहगीरों लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड लोगों की परेशानी को देखते हुए अंचलाधिकारी प्रभात भूषण सिंह के निर्देश पर चौक चौराहे पर बीते देर शाम रविवार से अलाव की व्यवस्था कराई जा रही है। अंचल के सहायक कर्मी परमेश्वर महतो ने बड़का गांव मुख्य चौक, दैनिक बाजार बड़कागांव एवं बड़कागांव स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्था कराई है। इस बाबत अंचलाधिकारी प्रभात भूषण सिंह ने बताया कि जब तक ठंड रहेगी तब तक निर्धारित चयनित स्थानों पर अलाव की व्यवस्था निरंतर जारी रहेगा। बताते चलें कि बड़कागांव में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गई है आगामी कुछ दिनों में तापमान और नीचे गिरने की संभावनाएं नजर आ रही हैं।




## बिरहोरों के संग पत्रकार ने मनाया अपना जन्म दिन में कहा कि बिरहोरों के साथ जन्म दिन मनाने से दिल को मिलती तसल्ली : अभिषेक

### गरीबो के लिए उभरता हुआ सितारा है अभिषेक सिंह

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



जब गरीबो के साथ अपनी निजी खुशियाँ बांटी जाती है तो मन को अगाध शांति और तसल्ली मिलती है।ऊक्त बाते सोमवार को पत्रकार अभिषेक सिंह ने अपने जन्म दिन पर बिरहोरों के संग जन्म दिन मनाने के दौरान कही।आम तौर पर अपना जन्म दिन तो लोग अपने हित परिवार के साथ मिल कर मनाते हैं और खुशी को अपने परिवार संग बांटते है, लेकिन पत्रकार अभिषेक एक मिशाल के रूप में अपना जन्म दिन बिरहोरों के साथ मनाकर अपनी खुशी का इजहार बिरहोर के बच्चो संग मनाया।बताते चले कि अभिषेक पिछले वर्ष भी बिरहोर परिवारों के संग जन्म दिन की खुशियाँ बांटी थी और बिरहोर परिवारों के साथ अपने दोस्तों के साथ बिरहोर कालोनी में ही खाना खा कर खुशियां मनाया था।पुनः इस वर्ष भी बिरहोर कॉलोनी पहुंच कर बिरहोर बच्चो के बीच केक काटा और अपने जन्म दिन पर बिरहोरों को केक खिलाकर और बिस्किट, टॉफी और मिठाईयां बांट कर खुशी मनाया। अभिषेक ने कहा कि बिरहोर परिजनों के साथ बैठकर और इनके साथ खुशियां शेयर करने का आनंद ही अलग है।वही भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि बिरहोर परिवार झारखण्ड के सबसे आदिम जनजातियों में शामिल है।इनके साथ जन्म दिन या अन्य खुशियां मनाने से इन्हें भी आनंद की अनुभूति होती है। अभिषेक के साथ इनके दर्जनों दोस्त भी कार्यक्रम में शामिल हुए।मौके अभिषेक को इनके पत्रकार मित्रो और समाज सेवियों ने जन्म दिन की बधाई दिए।बधाई देने वालो में पत्रकार प्रमोद कुमार सिंह, बी के मिश्रा,दीलप सिंह, सीताराम यादव,नरेश खरवार, नीरज सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, कमांडो रजक, सन्तोष कुमार, अवधेश उर्फ गुज्जुन, चंदन केशरी सहित अन्य लोगो का नाम शामिल है।

## 19 साल बाद भी नहीं मिल रही शाहिद के परिजनों को आर्थिक मदद

### शहीद राजेश द्वार 1 वर्ष पूर्व हो गए हैं धारा साहि अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी नहीं बनी है द्वार

....



सिमरिया प्रखंड अंतर्गत पुंडरा निवासी शहीद राजेश के परिजनों को 19 साल के बाद भी आर्थिक मदद और अन्य सुविधाएं नहीं मिली है। 20 दिसंबर 2002 को जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में आतंकवादियों से लोहा लेने के दौरान पुंडरा गांव निवासी शिवनारायण साव के बेटे राजेश साव वीरगति को प्राप्त हो गए थे।

जिसके बाद शहीद को श्रद्धांजलि देने सरकार के कई मंत्री, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी उनके पैतृक गांव पहुंचे थे। यहां परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए सहायता के लिए आश्वासनों की बाढ़ लगा दी थी। लेकिन सभी आश्वासन अबतक अधूरे के अधूरे पड़े हैं। राजेश साव के शहादत के बाद सरकार ने उनके माता–पिता को 22 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। इतना ही नहीं सरकार की तरफ से पेट्रोल पंप, आश्रित को सैनिक में नौकरी और 5 एकड़ खेती योग्य जमीन देने का भी आश्वासन दिया गया था, लेकिन शहीद के परिजनों को अबतक 93 हजार की ही सहायता राशि मुहैया करवाई गई है। उसके बाद इस परिवार को आज तक कुछ नहीं मिला।शामिलदुश्वारियों से गुजर रहा परिवार राजेश की शहादत के बाद जब उनके पार्थिव शरीर को गांव लाया गया था। उस समय पूरा गांव भारत माता की जय और राजेश साव अमर रहे के नारों से गुंज उठा था।कई मंत्रियों, सांसद और अन्य वीआईपी ने शहीद को श्रद्धांजलि दी थी, लेकिन उसके बाद भी शहीद राजेश के परिजनों को अबतक पूरा सम्मान नहीं मिल पाया है।

शहीद के लाचार माता–पिता ने कहा है कि घर की माली हालत ठीक नहीं रहने और सम्मान में हो रही देरी के कारण उनकी बहू शहीद राजेश की पत्नी ने भी दूसरी शादी कर ली थी।उनके जाने के बाद उनकी स्थिति और भी भयावह हो गई है।बता दे की उनके नाम से तेतर मोड स्थित पुंडरा गांव जाने वाली मार्ग में एक शाहिद राजेश द्वार बनाए गए थे उसे भी 1 वर्ष पूर्व एक बड़ी गाड़ी के द्वारा धारासही कर दिया गया। साथ हैं डाडी चौक में एक स्मारक बनाई जा रही थी वह भी विवादों में लिपट कर रह गई है और आज तक स्मारक अधूरे पड़े हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि द्वार धारा सही होने के बाद समाजसेवियों पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी दीपू कुमार से मुलाकात किए थे लेकिन 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक द्वार का कोई काम प्रारंभ नहीं हुआ है।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## अवैध रूप से शराब खपाने वाले तीन अपराधी गिरफ्तार

### एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना पर हंटरगंज पुलिस ने की कार्रवाई

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



अवैध शराब के खेप को स्कॉर्ट कर रहे तस्करों के विरुद्ध हंटरगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को संध्या गश्ती के दौरान चतरा डोभी मुख्य मार्ग एनएच 99 पर स्थित नागर गांव के समीप वाहन चें.कंग के दौरान करीब साढ़े नो बजे रात्रि में डोभी के तरफ से एक तेज रफ्तार से स्वीफ्ट कार नं–ट्ट02ै–8666 आ रही थी, जिसे वाहन चें.कंग के दौरान तीन व्यक्ति सवार थे ।तथा कार को चला रहे व्यक्ति के कमर में खोंसे हुए एक 9डड का देशी पिस्टल लोडेड अवस्था में बरामद हुआ। गिरफ्तार व्यक्ति अवैध कारोबार एवं शराब की तस्करी में संलिप्त रहता है ।और प्रायः स्कोर्ट कर शराब गाड़ी को हथियार के बल पर पार कराते है।जप्त बरामद सामानों की विवरणी एक 9डड का देशी पिस्टल 2. सात (07) जिन्दा कारतूस 9डड का, एक स्विफ्ट कार नं–ट्ट02ै–8666, विभिन्न कम्पनी का प०च मोबाईल जब्त किया गया।एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस क०न्फ्रेंस कर उक्त जानकारी पत्रकारों को दी ।गिरफ्तार अपराधकर्मीयो में शिवेन्द्र सिंह ,पिता स्व0 ललन सिंह, अफजलपुर निवासी ,दूसरा कुणाल सिंह ,पिता दिलीप सिंह,रोहित सिंह पिता गुलाब सिंह दोनो पलकीया एवं तीनो थाना– शेरघाटी गया बिहार के रहने वाले है।छापामारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियो ,पु.लिसकर्मीयो में हंटरगंज थाना सचिन कुमार दास, ,स□अ□नि□ सुनील कुमार दुबे, एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बलिया पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड क्षेत्र के बलिया पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सभी अधिक.ारियों को पूरा जोर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया कार्यक्रम का सुरुवात किया गया जिसमें बालविक.ाश परियोजना पशुपालन जे एस एल पी एस संस्था प्रधानमंत्री आवास प्रखण्ड आपूर्ति कोविड 19 टिक समेत सभी तरह के पेंशन मनरेगा समेत सभी तरह के प्रखण्ड व अंचल विभाग का स्टोल लगाकर लाभुकों का आवेदन लिया गया जिसमे ग्रामीणों का काफी भीड़ देखी गई। जिसको लेकर सभी पँचायत भवनों में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगो को इसका लाभ मिल रहा है।इस अवसर पर मुख्य रूप से बिरनी सीओ अशोक राम पशुपालन पदाधिकारी सभी राजश्व उप निरीक्षक कम्प्यूटर ऑपरेटर आंगनवाड़ी सेविका सहायिका पोषण सखी मुखिया बसन्ती देवी पँचायत सेवक रोजगार सेवक समेत सभी प्रखण्ड व अंचल कर्मी के अलावा स्थानीय ग्रामीण नेतागण मौजूद थे।

## एनएसएस के द्वारा कर्णपुरा महाविद्यालय से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




कर्णपुरा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवक के द्वारा छठवें दिन विशेष शिविर में जागरूकता रैली बड़कागांव में निकाली गई।इस जागरूकता रैली का संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रा.ेफेसर सुरेश महतो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। जिस से संबंधित स्ला.ेगन– ष्कश्मीर से कन्याकुमारी, भारत मां है एक हमारी।।बड़कागांव हो या गुवाहाटी, हैं अपना देश अपना माटी।।ष आदि था। जागरूकता रैली में बड़कागांव के ग्रामीणों का भी सहयोग रहा तथा वे स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते नजर आ रहे थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव सह बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य टूकेश्वर प्रसाद उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो के द्वारा किया गया तथा प्रशिक्षिका प्रो. ललिता कुमारी ने एड्स बचाव एवं सुरक्षा पर प्रशिक्षण दी। इस कार्यक्रम में प्रो. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो. एफ. अहमद, प्रो. पवन कुमार, मुकेश कुमार, समाजसेवी शशि कुमार मेहता, सन्नी कुमार तथा स्वयंसेवकों में दिवाकर कुमार, सोनू कुमार, सचिन कुमार, दुर्गेश, नीतू कुमारी, मनीषा कुमारी, मंजू कुमारी, सिंपी कुमारी, उषा कुमारी, नीतू कुमारी , अफसाना प्रवीण, दीपिका कुमारी ,सीमा विश्वास इत्यादि दर्जनों छात्र छात्राओं उपस्थित थे

APEM
LIVE

## पारा लुढ़का बड़कागांव में कड़ाके के ठंड जारी लोगों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव तथा देश भर में इन दिनों सीत लहर का मौसम चल रहा है जिसमें बड़कागांव के तापमान लगभग 5 डी. सेल्सियस तक दर्ज कि गई। जहां ठंड में बढ़ोतरी दर्ज कि गई है जिससे लोगों को कड़ाके ठंड का सामना करना पड़ रहा है। जैसे जैसे कड़ाके ठंड बढ रही वैसे वैसे लोगों के जनजीवन अस्त–व्यस्त तथा सब्जियों के खेती को काफी नुकसान पहुंचा रही है। पहले जहां खुलें में जानवरों को देखा जाता था लेकिन ठंड बढ़ने से जहां तहां खुलें में जानवरों देखने में कमी आई है। वहीं ठंड अपनी चरम अवस्था में है,अभी लगभग रोजाना सुबह बर्फ़ कि चादरें जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। कड़ाके ठंड बढ़ने से प्रभावित होने वाली चीज– इन दिनों देश में शीतलहर चल रही है इसी दरम्यान बड़कागांव प्रखंड भर के सभी पंचायतों में कड़ाके ठंड बढ़ गया है जिससे लोग घरों में देर सुबह दुपके रहतें है तथा विद्यार्थी एवं कर्मचारी काम तथा स्कूल–क०लेज में लोगों के भारी गिरावट दर्ज कि जा रही है। कड़ाके ठंड से किसानों का फसलों का बुरी तरह नुकसान पहुंचा कर प्रभावित किया है। जिससे किसान को काफी क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

**कड़ाके ठंड से बचने के लिए प्रशासन विभाग के द्वारा क्या क्या प्रयासरत है**–इन दिनों देश भर में शीतलहर चल रहा है इससे बचने के लिए सरकार तथा प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कड़ाके ठंड से बचने के लिए पंचायतों में गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। ताकि कड़ाके ठंड से प्रखंड में कोई भी प्रभावित न हो। वहीं ज्यादा ठंड को देखते हुए अंचला अधिक.ारी प्रभात भूषण सिंह के द्वारा जगह जगह चौक चौराहों पर जरुरत के अनुसार से रविवार से अलाव कि व्यवस्था कि गई है जिससे लोगों में राहत महसूस कि गई है तथा समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी लोगों ने इस कार्य को सराहा। जल्दी शुबह स्कूल रहने से बच्चों कि पढ़ाई प्रभावित हो रही है जिसे लोगों ने मांग कि समय में परिवर्तन किया जाए ताकि बच्चों को पढ़ाई प्रभावित न हो। तथा ज्यादा से ज्यादा पंचायतों में कंबल वितरण किया जाए एवं ज्यादा से ज्यादा जगहों पर अलाव का व्यवस्था किया जाए।

## झारखण्ड अंडर 16 लीग में डुमरी के उज्ज्वल का जलवा

**अपेम लाइव :चौपारण**



देश मे बढ़ती क्रिकेट की लोकप्रियता हर युवाओ को क्रिकेट के प्रति आकर्षित कर रहा है। कई प्रतिभावान युवाओ को मंजिल मिल रहा है तो कई युवा परिस्थितियों से हार कर क्रिकेट गली क्रिकेटर तक ही सीमित रह जाते है। ऐसे ही एक युवक तेजी से क्रिकेट की दुनिया मे अपना प्रतिभा का जलवा बिखेर कर झारखण्ड व भारतीय टीम में जाने को तैयार हो रहा है। जी हां हम बात कर रहे है बच्छई पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र रजक के भतीजा व आई हॉस्पिटल बहेरा आश्रम में आई ऑप्टिशियन मिंटू रजक का पुत्र 15 वर्षीय उज्वल राज का। उज्ज्वल के प्रतिभा को देखते हुए झारखण्ड टाइगर टीम ने उज्जव को टीम का कमान सौंपी दिया है। राँची स्थित टौरियन वर्ल्ड स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट लीग में उज्ज्वल ने बेहत.रीन प्रदर्शन करते हुए 74 रनों की पारी खेला वही अपने बेहतर नेतृत्व के दम पर टीम को झारखण्ड जैगुआर के खिलाफ चार रनों से जीत दिलाया। उज्ज्वल बचपन से अपने क्रिकेट खेल के दम पर अपनी अगल पहचान बना रहे है। उज्ज्वल फिलहाल हजारीबाग साई क्रिकेट अकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। अब आने वाला समय बतलायेगा की अपनी खेल प्रतिभा के दम पर उज्ज्वल कितने उचाइयों तक पहुंच पाते है।

## जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक की गई। अध्यक्ष, जिला वन अधिकार समिति–सह–उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में यह बैठक की गई। बैठक में मुख्यतः चतरा जिला अन्तर्गत छभ्99 चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अंचल चतरा, हंटरगंज एवं लावालौंग अंचल में पड़ने गैर मजरूआ खास जंगल झाड़ी, वन भूमि एवं सीसीएल मगध परियोजना हेतु अंचल टंडवा के ग्राम सराढू में गैर मजरूआ खास जंगल झाड़ी तथा वन भूमि एफआरए एवं एनओसी निर्गत करने हेतु सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी/दक्षिणी, अपर समाहर्ता चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया, जिला भू अर्जन पदाधिकारी समेत रामेटाना भगत (सदस्य) सिदपा, टण्डवा, सरयु उर०व, (सदस्य) सिंदरीवार, सिमरिया समेत अन्य उप.स्थित थे।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## दुलारचंद तथा बहाराम बने प्रबंधन समिति अध्यक्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



बरहमोरिया में विद्यालय प्रबंधन समिति के नवमनोनीत सदस्य

प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरहमोरिया में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुर्नगठन किया गया। इसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान दामोदर महतो ने की। प्रबंधन समिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए दुलारचंद पटेल एवं उपाध्यक्ष उष्मा देवी मनोनीत किए गए। इसके अलावा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डुमरियाटांड में भी प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें बहाराम हांसदा पुनः अध्यक्ष मनोनीत किए गए। वहीं, उपाध्यक्ष रेशमी देवी, एवं संयोजिका रूकवा देवी चुनी गई। बतौर पर्यवेक्षक नुनूचंद महतो मौजूद थे। मनोनयन में सचिव राजेन्द्र महतो, बाजो मुर्मू, बहाराम मरांडी, शनिचर सोरेन, खूशबु देवी, पार्वती देवी, सरिता देवी, शिबू सोरेन समेत कई ग्रामीण एवं अभिभावक मौजूद थे।

## अमौली अपूर्वा के छात्रों ने किया राजगीर और नालंदा के एतिहासिक स्थलों का भ्रमण

**अपेम लाइव :चौपारण**



नबीजेके द्वारा संचालित अमौली अपूर्वा उच्च विद्यालय मानगढ़ के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान राजगीर और नालंदा के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। विद्यालय शिक्षक मदन साव ने बताया कि नालंदा तथा राजगीर के खंडहर हमारे स्वर्णिम इतिहास के साक्षी हैं। विद्यालय के छात्र छात्राओं को यहां आने से काफी जानकारी मिलती है। हमारी पूरानी शैक्षणिक व्यवस्था काफी समृद्ध है। यही ध्यान में रखकर बच्चों को नालंदा की सैर कराई गई। वहीं छात्रों ने भी नवीनतम जानकारी ली। मौके पर प्राचार्य दयानन्द सिंह, शिक्षक मदन साव, कामदेव राणा, चंदन रजक, राजेश गुप्ता, शंकर कुमार, सतेंद्र पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रखण्ड के साथ हर पंचायतो में हो आधार निबंधन व सुधार की सुविधा : विधायक

**अपेम लाइव :चौपारण**




आधार कार्ड बनवाने व सुधार करवाने में हो रही परेशानियों को देखते हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान शून्यकाल में चौपारण प्रखण्ड के हरेक पंचायतो में संचालित प्रज्ञा केंद्रों में आधार केंद्र खोलने सबधी मामला उठाया। विधायक ने कहा कि पूर्व में झारखंड सरकार द्वारा आधार कार्ड बनाने का निबंधन प्रत्येक पंचायत के प्रज्ञा केंद्र को दिया गया था। जिससे आम लोग आसानी से आधार कार्ड बनवा पाते थे। लेकिन पिछली सरकार ने सभी केंद्र को बन्द कराकर केवल प्रखण्ड स्तर पर एक आधार कार्ड केंद्र संच. ालित करवाने का निर्देश दिया यानी एक लाख से ऊपर की आबादी पर सिर्फ एक आधार केंद्र। सरकार से माँग करता हूँ कि प्रत्येक पंचायत के प्रत्येक प्रज्ञा केंद्र को पूर्व की भाँति आधार कार्ड बनाने व सुधार करने की सुविधा उपलब्ध करायी जाय।

## 250 जरूरतमंदों के बीच बच्छई में मुखिया ने किया कम्बल का वितरण

### कम्बल मिलने से ठंड से मिलेगा निजात : बीरेंद्र रजक

**अपेम लाइव :चौपारण**



बच्छई पंचायत भवन डुमरी में पंचायत के जरूरतमंदों के बीच स्थानीय मुखिया कुन्ती देवी, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, सांसद प्रतिनिधि रा. जेन्द्र चनद्रवंशी, समिति सदस्य प्रतिनिधि बैजनाथ यादव, पैक्स अध्यक्ष सहदेव प्रसाद यादव आदि ने सामूहिक रूप से कम्बल का वितरण किया गया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र रजक ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए 250 सौ कम्बल का वितरण वार्ड वाइज किया गया। बताया कि ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा था हमने बीडीओ से बात कर अवलंब कम्बल उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। कहा जरूरतमदों को कम्बल मिलने से ठंड से निजात मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन भारत ट्रेडर्स संचालक शंकर दयाल साव ने किया। मौके पर पंचायत सचिव मुकेश कुमार वार्ड सदस्य गणेश भुइँया, सुरेन्द्र यादव, अशोक रजक, फुलवा देवी, बबिता देवी, नारायण साव सकलदेव यादव, तूले. स्वर यादव, जन सेवा परिषद सचिव रामलाल साव, सुखदेव यादव, सीताराम रविदास, संतोष पाण्डेय, भोला साव, मनोज यादव, गुलाब गोस्वमी, जगरनाथ साव आदि।

## राजेश गुप्ता इंटक जिला सचिव बनाए गए लोगों ने खुशी जाहिर किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



राजेश गुप्ता व अन्य

प्रदेश इंटक के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे के द्वारा बड़कागांव निवासी राजेश कुमार गुप्ता इंटक हजारीबाग शाखा के जिला संगठन सचिव बनाए गए। हजारीबाग जिला इंटक के अध्यक्ष मिथिलेश दुबे ने राजेश गुप्ता को जिला इंटक सचिव बनाए जाने पर खुशी जाहिर किया। वहीं उन्होंने कहा की राजेश गुप्ता को इंटक सचिव मनोनीत किए जाने पर संगठन को मजबूती मिलेगी। मौके पर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, हजारीबाग जिला राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के अध्यक्ष मिर्थलेश दुबे, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष कजरू साव, युवा जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, कृष्णा सिंह, सलामत अंसारी ,वरिष्ठ कांग्रेसी ज्ञानी मेहता ,मुख्तार आलम, आसिफ हुसैन, मोहम्मद महबूब, मोहम्मद जकी उल्लाह ,मोहम्मद अरशद ,मोहम्मद मुशर्रफ एवं वसीम सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

APEM
LIVE

